हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 4 मई 2024



04 पुलिस की सफलताः अगवा किए तीन बच्चों...



07 मंडी प्रांगण हुआ फुलः कन्नौद रोड, शांति नगर...



### स्वीप गतिविधियां बढ़ाएं, एसएमएस भेजकर मतदाताओं से मतदान की करें अपील

# हर एक मतदाता को वोट देने के लिए प्रेरित करें: संभागायुक्त डॉ. गुप्ता

संभागायुक्त उज्जैन गुप्ता ने आगर मालवा जिले में चुनावी तैयारियों की समीक्षा की





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जिले के हर एक मतदाता को वोट देने के लिए प्रेरित करें, कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहें, इसके लिए स्वीप गतिविधियां बढ़ाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाए। संभागायुक्त उज्जैन डॉ. संजय गुप्ता ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आगर-मालवा में चुनावी तैयारियों की समीक्षा के दौरान यहां निर्देश दिए।

संभागायुक्त गुप्ता ने निर्देश दिये कि जिले के मतदाताओं को मोबाईल पर एसएमएस भेजकर मतदान की अपील करें, दीवार लेखन, मतदाता जागरूकता रैलियां, शपथ आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करे, घर-घर पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मतदाताओं को वोटर गाईडलाईन एवं मतदाता सूचना पर्ची का वितरण बीएलओ द्वारा समय पर कर दिया जाए, मतदाता सूचना पर्ची वितरण की जानकारी भी लें। बीएलओ द्वारा घर-घर सूचना पर्ची वितरण के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर वोट देने हेतु प्रेरित करें। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने जिले में चुनावी तैयारियों तथा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी दी।

## क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर मतदाता निर्भीक एवं भयमुक्त होकर करें मतदान



आईजी उज्जैन संतोष कुमार सिंह ने क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर कानून व्यवस्था, बाउन्ड ओवर, जिला बदर, सीजर, आर्म्स एक्ट के तहत की गई कार्यवाही की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि जिले में फ्री एण्ड फेयर चुनाव सम्पन्न करवाएं। क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर मतदाता निर्भीक एवं भयमुक्त वातावरण में अपना मत दे सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे, पर्याप्त पुलिस बल तैनात करें। सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी ऐसे मतदान केन्द्रों का संयुक्त रूप से भ्रमण कर सभी व्यवस्था करवाएं। कानून व्यवस्था बनाएं रखें, सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखे तथा अफवाह फैलाने वालों पर कार्यवाही करें। उन्होंने ने निर्देश दिए कि अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखें। एसएसटी प्वाईंट पर जिले में प्रवेश करने वालें वाहनों की सघन चैकिंग करें। अन्तर्राज्यीय सीमा क्षेत्रों में आवंछित गतिविधियों की रोकथाम हेतु पैनी नजर रखी जाए। कोलाहल अधिनियम, संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत प्रभावी कार्यवाही करें। मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सख्त कार्यवाही करें। प्रतिदिन की कार्यवाही का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। बैठक में डीआईजी नवनीत भसीन, सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सर्वेश यादव, एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढ़ोके, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनीषा कौल सहित समस्त निर्वाचन नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदान केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था हो

संभागायुक्त गुप्ता ने निर्देश दिये कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर मिनिमम एश्योर्ड फैसिलिटी सुनिश्चित की जाए। ग्रीष्मकाल को देखते हुए छांव एवं ठण्डे पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करें। मतदान केन्द्रों पर मतदान दलों के लिए भी सभी व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि एक हजार से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त मतदान दल लगाएं। मतदान केन्द्रों पर जाने वाली पोलिंग पार्टियों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य कीट रखवायें तथा एम्बुलेंस की व्यवस्था रखें।

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

**नलखेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। संपूर्ण निर्वाचन कार्यक्रम के दौरान राजनैतिक दलों, सभी शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित किए जाने की अपेक्षा की जाती है। राजनैतिक दलों, चुनाव लड़ रहे अभ्यंर्थियों एवं आम नागरिकों से कहा गया है कि वे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर किसी भी प्रकार से आपत्तिजनक पोस्ट न करें, तथ्यों, चित्रों, आडियो, वीडियो को तोड़-मरोड़कर पोस्ट न करें, जिससे सामाजिक, धार्मिक या व्यक्तिगत द्वेष उत्पन्न होने की आशंका है। ऐसा किए जाने पर आईटी एक्ट एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई है कि सभाओं, रैलियों, जुलूस के रूप में चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क के दौरान किसी भी प्रकार की विवादित टिप्पणियों अथवा व्यक्तिगत आरोपों से बचें। बिना अनुमति के रैली, जुलूस, सभा, प्रदर्शन अथवा वाहनों के माध्यम से प्रचार न करें। आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करें। पर्याप्त निगरानी किये जाने एवं अवांछनीय गतिविधियों पर पैनी नजर रखने निगरानी दलों का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु सभी से आदर्श आचरण संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किए जाने की अपील की है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकाली रैली






**नलखेड़ा।** स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में नेहरू शासकीय महाविद्यालय आगर मालवा के अर्थशास्त्र विषय के प्राध्यापक डॉ. हंसराज पाटीदार के मुख्य आतिथ्य एवं शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा के प्राचार्य डॉ.जीएल रावल की अध्यक्षता में महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुए। मुख्य अतिथि डॉ.पाटीदार ने अपने उद्बोधन में 18 वर्ष की उम्र पार कर चुके छात्र-छात्राएं जिनके नाम मतदाता सूची में जुड़ गए हैं, उनसे वोट डालने की अपील की और अपने क्षेत्र के मतदाताओं को



वोट डालने के लिए प्रेरित करने हेतु मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य डॉ.रावल ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करते हुए एक वोट के महत्व पर प्रकाश डाला और अपने वोट की कीमत को समझाते हुए लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य वोट डालने हेतु मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों द्वारा रैली निकालकर अनिवार्य वोट का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जगदीश प्रसाद कुल्मी ने एवं आभार डॉ.सर्वेश व्यास ने माना। कार्यक्रम में डॉ. जितेन्द्र चावरे, डॉ.सुधा चाकरे, डॉ निधी सिंह, अनिल प्रजापति सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# प्रचार का बदल रहा तरीका, युवाओं को लुभाने बनाए सेल्फी प्वाइंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

समय के साथ अब राजनैतिक दलों को प्रचार का तरीका भी बदलना पड़ रहा है। मतदाताओं से जनसम्पर्क, रैली व सभाओं के साथ साथ अब सोशल मीडिया का सहारा तो लेना ही पड़ रहा है इसके अतिरिक्त युवा मतदाताओं को लुभाने के लिए सेल्फी पाइंट भी बनाये जा रहे है। जहां नागरिक सेल्फी भी ले रहे है। पहले चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों व उम्मीदवारों का मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क पर जोर रहता था। किसी बड़े नेता की कोई सभा या रैली हो जाया करती थी। झंडे, बैनरों से नगर को पाट दिया जाता था। जिसके ज्यादा झंडे, बैनर दिखाई देते उसे भारी उम्मीदवार मान लिया जाता था। लेकिन अब बदलते समय के साथ राजनैतिक




दल व्यक्तिगत संपर्क के साथ सोशल मीडिया पर अधिक ध्यान देने लगे है। कही पर भी कोई जनसम्पर्क हुआ हो, रैली हुई हो, सभा हुई हो चंद मिनटों में सोशल मीडिया के माध्यम से फ़ोटो, वीडियो वायरल कर दिए जाते है, कई सभाओं को लाइव प्रसारण के माध्यम से भी सुनाया जाता है ताकि अधिक से अधिक लोगों तक बात पहुंच जाए। राजनैतिक दल अपने वादों, कार्यो को भी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित करने पर जोर देने लगे है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर सेल्फी पाइंट बनाकर युवा, नव मतदाताओं को सेल्फी लेने के लिए आमंत्रित कर उन्हें लुभाने के प्रयास किये जाने लगे है। निश्चित रूप से आने वाले समय मे प्रचार कार्य मे और भी बदलाव होंगे जिसके सहारे राजनैतिक दल घर बैठे अपनी बात आम मतदाताओं तक पहुंचा सकेंगे।

# मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक, ले रहे शपथ



**नलखेड़ा।** शासन द्वारा चलाए जा रहे बूथ की ओर चले अभियान अंतर्गत नलखेड़ा करेगा शत-प्रतिशत मतदान थीम पर नगर में विभिन्न स्वीप गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। बीएलओ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, बीएजी एवं नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा बूथ की ओर चलें अभियान के तहत घर-घर मतदाओं को मतदाता सूचना पर्ची एवं मतदाता मार्गदर्शिका प्रदान कर पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है तथा मतदाताओं को मतदान का महत्व बताकर उन्हें नैतिक मतदान की शपथ दिलाई जा रही है। शुक्रवार को नगर परिषद सीएमओ मुकेश भंवर के नेतृत्व में नगर परिषद के दल, बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाताओं को सूचना पर्ची, मतदाता मार्गदर्शिका व पीले चावल देकर अनिवार्य मतदान की शपथ दिलवाई गई।

### मतदाताओं को पत्रक एवं पीले चावल बांटे जा रहे

# चलें बूथ की ओर अभियान में मतदान के लिए कर रहे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मतदाता जागरूकता अन्तर्गत नलखेड़ा तहसील करेगी शत-प्रतिशत मतदान थीम पर विविध स्वीप गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, बीएजी द्वारा बूथ की ओर चलें अभियान के तहत घर-घर मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची एवं पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है तथा गांव-गांव मतदाता जागरूकता रैली, मेहंदी, रांगोली प्रतियोगिता एवं अन्य स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को मतदान का महत्व बताकर उन्हें नैतिक मतदान की शपथ दिलाई जा रही है। गुरूवार को बड़ागांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणजनों ने अपने हाथों में मतदाता जागरूकता



स्लोगन की तख्तियां लेकर एवं सारे काम छोड़ सबसे पहले वोट दो, हमें करना है शत-प्रतिशत मतदान आदि के नारे लगाते हुए भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। ग्राम हिरणखेड़ी में बीएजी ग्रुप के सदस्यों ने घर-घर सम्पर्क कर मतदाताओं को मतदान के लिए आमंत्रित किया। ग्राम गोठड़ा में मतदान करने के लिए



प्रेरित करते हुए ग्राम पंचायत सचिव, सहायक सचिव,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर - घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया एवं पीले चावल वितरित कर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। नलखेड़ा नगर में भी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाताओं को सूचना पर्ची बांटकर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**देवास।** शुक्रवार सुबह एक अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर रेलवे पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को रेलवे चौकी लेकर गए जहां उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया। रेलवे पुलिस ने बताया कि मृतक की शर्ट की जेब में आधार कार्ड और वोटर आईडी से उसकी शिनाख्त हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क कर उन्हें घटना की सूचना दी। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा जहां उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह ओवर नाइट एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 22292 जबलपुर से इंदौर की और जा रही थी। उसी समय एक व्यक्ति रेल के इंजन के सामने आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त कैलाश पिता रामेश्वर प्रजापति के रुप में हुई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे।

### मतदान की स्याही का निशान दिखाने पर मिलेगा डिस्काउंट

**देवास।** देवास और खण्डवा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मई को होने वाले मतदान के दिन मतदान करने के बाद ऊंगली पर अमिट स्याही का निशान दिखाने पर अविरथ इन होटल एबी रोड देवास, मुकेश स्वीट्स, अपना स्वीट्स, सिद्धिविनायक रेस्टोरेंट भोपाल रोड, सिद्धिविनायक रेस्टोरेंट मक्सी रोड में 10 प्रतिशत, मदर डेयरी उज्जैन रोड पर 07 प्रतिशत, मधुर स्वीट्स उज्जैन रोड एवं मिल्क कार्नर उज्जैन रोड में 05 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जायेगा।

### बीमारी के चलते हुआ पाटीदार का निधन



**चापडा।** नगर निवासी रमेश पाटीदार के पिताजी एवं रवि पाटीदार व आनंद पाटीदार के दादा भागीरथ पाटीदार का बीमारी के चलते शुक्रवार को निधन हो गया है। पाटीदार के निधन पर दिनेश पाटीदार,गोरिशंकर पाटीदार, बलवान सिंह सेंधव, राजेश दुग्गड, गंगाराम पाटीदार, आंनद शर्मा, सिद्धनाथ पाटीदार आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अपहृत बच्चों को खातेगांव, कन्नौद और सतवास पुलिस ने इंदौर से ढूंढ निकाला

# पुलिस की सफलताः अगवा किए तीन बच्चों को पुलिस ने 15 घंटे के भीतर तलाशा

बच्चों का अपहरण करने वाला आरोपी सीसीटीवी कैमरे में हुआ था कैद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गुरुवार को खातेगांव से तीन छोटे बच्चों के अपहृत होने से नगर एवं क्षेत्र में सनसनी फैल गई, जैसे ही पुलिस को जानकारी मिली पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई ,और मात्र 15 घंटे के अंदर ही बच्चों एवं आरोपी को ढूंढ निकाला। फरियादी माँ शेराजुन बी पति अनिश शेख जाति पिण्डारा उम्र 35 साल निवासी बडा मोहल्ला खातेगांव के द्वारा रिपोर्ट की गई कि वह अपने तीन बच्चे उमेरा शेख उम्र 8 साल ,हिनाया शेख उम्र 2 साल 6 माह एवं एक लडका रोमान शेख उम्र 7 साल को लेकर गुरुवार को अपने मोहल्ले में फजाय खान के घर पर शादी की दावत में गए थे। मेरे बच्चे करीब 12.00 बजे तक घर पर नही आए तो उनकी तलाश की गई, किंतु बच्चो का कोई पता नही चला। बच्चों को घूमने की सूचना अपने परिजनो को दी। तीनो बच्चो को आस पास मोहल्ले में एवं रिश्तेदारों में तलाश किया गया लेकिन उनका कही कोई पता नही चला। जिसके चलने थाना खातेगांव पर बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 299/2024 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना मे लिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक देवास संपत उपाध्याय के निर्देशन मे एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कन्नौद आकाश भूरिया एवं एसडीओपी कन्नौद केतन अडलक के मार्गदर्शन मे दो टीमों का गठन कर उक्त मामला अति संवेदनशील होने से अपह्त बच्चो की तत्काल बरामदी हेतु टीम रवाना की गई। थाना खातेगांव पर कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरो को अपहृत बालक बालिका की मां शैराजुन बी व पिता अनिश खां के समक्ष चेक किया गया। चेक करने पर अपहृत बालक बालिका के माता पिता व्दारा चोपाटी चौक, बाजार मोहल्ला खातेगांव पर लगे सीसीटीवी केमरे में एक व्यक्ति की गोद में छोटी लड़की हिनाया व उमेरा शेख व रोमान शेख को ले जाते हुए पहचाना गया। जिसके बाद दोनो विडियो फुटेज प्राप्त कर आस पास सीमावर्ती थाने एवं खातेगांव के व्हाटसअप ग्रुपो में एवं मुखबिरो को भेजे गए। इसी दौरान थाना खातेगांव का आदिल खां ने थाने आकर बताया की उक्त विडियो में दिख रहा व्यक्ति कमल पिता देवीलाल देवडा निवासी खारिया का है जो उसके साथ उप जेल कन्नौद में बंद था। उक्त कमल के अपराधिक रिकार्ड चेक करते हुए थाना खातेगांव पर अपराधिक रिकार्ड मिला जिसमें आरोपी के गिरफ्तारी के समय के फोटो मिले ,जो विडियो फुटेज से हुबहु मिलना पाए गए।

संदेही के निवास स्थान ग्राम खारिया व ग्राम डेहरिया में तलाश करने पर संदेही कमल व उसके परिजन नही मिले गांव के लोगो व्दारा बताया गया कि कमल व उसका परिवार इन्दौर में रह रहा है। कमल की तलाश उसके रिश्तेदारो एवं बस स्टेण्ड पर कर बस संचालक एवं स्टेण्ड कंडेक्टरो से करते जानकारी प्राप्त की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की उक्त हुलिए का व्यक्ति व बच्चे बस में बैठकर इन्दौर की ओर गए है। सूचना के आधार पर अनुभाग कन्नौद के थाना कन्नौद, थाना सतवास, थाना खातेगांव की टीमो को इन्दौर रवाना किया गया जिनके द्वारा इन्दौर में बस स्टेण्ड नवलखा ,सरवटे ,तीन ईमली एवं अन्य स्थानो पर अपहत बालक /बालिका एवं संदेही की तलाश की गई एवं आने जाने वाले लोगो को उक्त फुटेज दिखाये गये । मुखबिर से सूचना मिली की वायरल विडियो में दिख रहा एक व्यक्ति जिसकी गोंद में एक बच्चा है एवं उसके साथ दो बच्चे पैदल पैदल चल रहै है जो काफी रो रहे थे वह रेडिसन चौराहा से स्टार चौराहा इन्दौर की ओर जा रहे थे, जिसे पुलिस ने धर दबोचा। अपहत बालक बालिका के पिता व्दारा उक्त तीनो बच्चो के पहचाना गया, बाद में फोर्स की मदद से तत्काल उक्त व्यक्ति को पकडा व कमल पिता देवीलाल देवडा जाति बलाई उम्र 36 साल निवासी ग्राम खारिया थाना सतवास के रूप में उसकी शिनाख्त हुई। कमल से अपहत बालक बलिकाओ को छुड़वाया गया।

आरोपी कमल से थाना खातेगांव में पूछताछ जारी है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विक्रांत झांझोट, निरीक्षक तहजीब काजी, निरीक्षक दीपक यादव, उप निरीक्षक राहुल रावत, अजय डोड, अभिषेक सेंगर रमेशचन्द पचलानिया, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र सिंह राजपूत, जितेन्द्र तोमर, रविन्द्र तोमर ,एवं आरक्षक रामवीर, बालकृष्ण, राजेन्द्र सिह एवं एसएएफ आरक्षक आनंद जाट की सराहनीय भुमिका रही। जिनको पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा उचित ईनाम देने की घोषणा की गई है। आरोपी कमल पिता देवीलाल के कन्नौद सतवास , कांटाफोड़ तथा खातेगांव थाने में कई अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

# खातेगांव विधानसभा में 7 मई को होगा मतदान

## कलेक्टर ने तैयारियों की समीक्षा की



**देवास।** खातेगांव विधानसभा क्षेत्र में तैयारियों की समीक्षा करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संसदीय क्षेत्र विदिशा के लिए देवास जिले की खातेगांव विधानसभा क्षेत्र में 07 मई का मतदान होगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मतदान दिवस की तैयारियों के संबंध में शासकीय महा विद्याल्य खातेगांव में निर्वाचन संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, एसडीएम खातेगांव प्रिया चन्द्रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन के लिए नियुक्त अधिकारी सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी से करें। निर्वाचन में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नोडल अधिकारी तथा सेक्टर अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करें। मतदान दलों का रूट चार्ट बना लें। एसएसटी और एफएसटी दल विधानसभा क्षेत्र में लगातार कार्यवाही करें। सामग्री वितरण कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। लोकसभा निर्वाचन के लिए विधानसभा क्षेत्र में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्थाएं करें। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त व्यवस्थाएं रखें।गुप्ता ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्थाएं करें। आदर्श मतदान केन्द्रों सुसज्जित कर सम्पूर्ण व्यवस्थाएं करें। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करें। दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इस हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर प्रकरण किए दर्ज



**देवास।** जिले में आबकारी विभाग एवं एफएसटी दल वृत्त देवास (ब) में मुखबिर सूचना पर कार्यवाही कर 105 पाव विदेशी मदिरा, 17 केन बीयर एवं 85 पाव देशी मदिरा के बरामद की। कार्यवाही में एक बिना नंबर की स्कूटर की डिक्की से 08 बॉटल विदेशी मदिरा बरामद भी बरामद की गई। कार्यवाही में अज्ञात/फरार व्यक्तियों के विरुद्ध 02 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गए। जप्त मदिरा एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग 01 लाख 05 हजार 150 रुपए है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक राजकुमारी मंडलोई, निधि शर्मा, प्रेम यादव, डी.पी. सिंह, दिनेश भार्गव, विजय कुचेरिया, आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक धुरिया, राजाराम रेकवार, आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल, राजेश जोशी,निकिता परमार, आशीष, भगत परते, सैनिक किशोर, अनिल चौहान शामिल थे।

# जिला न्यायालय देवास में आज लगेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मधुसूदन मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के मार्गदर्शन मे एवं अभिलाषा एन. मवार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर देवास में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आज प्रातः 10.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य संरक्षक म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा संपूर्ण प्रदेश मे रक्तदान शिविर आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। सचिव अभिलाषा एन. मवार द्वारा उक्त शिविर में जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वॉलेंटियर्स एवं सामाजिक संस्थाओं के सदस्यगण एवं आमजन से स्वैच्छिक रक्तदान कर मौजूदा समय में ब्लड बैंकों में खून की कमी के संकट से निपटने में सहायता करने की अपील की गई है। उक्त रक्तदान शिविर में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के स्वस्थ्य व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान करने से कोई शारीरिक कमजोर नहीं होती है एवं दिए गए रक्त की प्रतिपूर्ति शरीर में अपने आप हो जाती है। उनके द्वारा उक्त शिविर में समाजसेवी एवं अन्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की गई है।

## 9 एमपी बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर द्वारा संचालित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर देवास स्थित विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर में 2 मई से 11 मई तक संचालित किया जा रहा है। इस शिविर में इंदौर ,धार, मंडलेश्वर, से 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के 628 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। 9 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी तथा कैम्प कमांडेंट कर्नल मोहन तिवारी द्वारा कैडेट्स को कैम्प के ओपचारिक उद्घाटन में कैडेट्स को संबोधित करते हुए अनुशासन चरित्र ,भाईचारा , साहस की भावना और निस्वार्थ भाव से सेवा करने तथा कैडेट्स में नेतृत्व के गुणों का विकास किस प्रकार किया जाए, इसे विस्तार से समझाया। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर, थल सैनिक शिविर ,ट्रैकिंग शिविर, साहसिक गतिविधि शिविर पर भी कैडेट्स से विस्तार से चर्चा की। जिससे कैडेट्स में आगामी शिविरों को लेकर काफी उत्साह नजर आया। शिविर के दौरान कैडेट्स को प्वाइंट 22 राइफल से फायरिंग करवाई जायेगी। इसके साथ ही मैप रीडिंग, बैटल क्राफ्ट और फील्ड क्राफ्ट तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों का प्रशिक्षण इस शिविर में कैडेट्स को दिया जायेगा। इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर को मुख्य रूप से एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट कपिल पटेल, फर्स्ट ऑफिसर दामोदर मुकाती, शालिनी दुबे, मुरलीधर खोड़े, सेकंड ऑफिसर संदीप देशपांडे, सुजाता मालवीय तथा 9 एमपी बटालियन एन सी सी इंदौर के सूबेदार मेजर बृजेश कुमार, ट्रेनिंग जे सी ओ सूबेदार साजी एस कैडेट्स को प्रशिक्षित करेंगे।

## पिंजरे का पंछी उड़े, उससे पहले जाग जाओः पं. शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



खबर नहीं पल की तो बात मत करो कल की, क्योंकि कब बुलावा आ जाए पता नहीं चलेगा। इसलिए बुढ़ापे में भक्ति करने का विचार छोड़ दो। भक्ति करना है तो जवानी रहते ही कर लो, क्योंकि पल भर की खबर नहीं कब मौत दरवाजा खटखटा दे। भक्ति करने का कोई समय निश्चित नहीं है। पिंजरे का पंछी उड़ जाए उससे पहले संभल जाओ। उससे पहले जाग जाओ।यह विचार भवानी सागर में महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन व्यासपीठ से पं. अजय शास्त्री ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा ना तो हमारे हाथ में जीवन है और न मृत्यु है। बुलावा राम का कभी भी आ सकता है। जाना पड़ेगा, उसके आगे कोई बहाना नहीं चलेगा। मौत ही अंतिम सत्य है। उसको सुधार लो, क्योंकि मौत को सुधारा जा सकता है, लेकिन टाला नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा आज करेंगे, कल करेंगे ऐसे करते-करते जीवन चला जा रहा है। आज हाथ-पैर चल रहे हैं। यदि मन की इच्छा पूरी नहीं होगी तो फिर जन्म लेना पड़ेगा और 84 लाख योनियों में भटकना पड़ेगा। यह जीवन भगवान की कृपा से मिला है और भगवान की कृपा से ही सब काम हो रहे हैं।कथा में श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन के जीवंत प्रस्तुतिकरण से भक्त भाव-विभोर हो उठे। जैसे ही श्रीकृष्ण-सुदामा कथा पंडाल में आए, भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पं. शास्त्री ने इस दौरान करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है..., मेरा आपकी ही कृपा से सब काम हो रहा है... की प्रस्तुति दी तो भक्त झूमने लगे। महिला मंडल द्वारा व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। सैकड़ों धर्मप्रेमियों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया।

### श्री राधा गोविंद धाम राजाराम नगर में आयोजित हो रहा 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन

# महापुरुष मिथ्या आशीर्वाद व श्राप दोनों नहीं देताः धामेश्वरी देवी







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री राधा गोविंद धाम गणेश मंदिर राजाराम नगर में 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला में धामेश्वरी देवी ने बताया कि उस ईश्वर तत्व को जानने के लिए श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महापुरुष की आवश्यकता है। उनकी शरणागत होकर सेवापूर्वक जिज्ञासु बनकर ही परमतत्व का ज्ञान प्राप्त हो सकता है। ग्रंथों एवं लोक में भी तीन शब्द पढ़ने-सुनने में आते हैं- एक पुरुष, दूसरा महापुरुष, तीसरा परमपुरुष। जिस पुरुष या जीवात्मा ने परमपुरुष या परमात्मा को जान लिया, देख लिया, उसमें प्रविष्ट हो चुका हो, वही महापुरुष या महात्मा है। भावार्थ यह कि ईश्वर-प्राप्त जीव को ही महापुरुष कहते हैं। उन्होंने कहा दो प्रकार के महापुरुष प्राप्त होते हैं। पहला जिन्हें ईश्वर का वास्तविक ज्ञान, दर्शन आदि अनुभव हो एवं बाहर भी उसी रूप में दिखते हो। ऐसे महापुरुष को पहचानना सरल है। दूसरे महापुरुष भीतर से तो वास्तव में ही महापुरुष होते हैं किंतु बाह्य व्यवहार में सांसारिक से दिखते हैं। ऐसे महापुरुष को पहचाना अति कठिन होता है। जो महापुरुष अनादिकाल से मायातीत ही रहे, कभी मायाधीन नहीं थे। उन्हें ईश्वर का परिकर, पार्षद आदि कहते हैं। दूसरे वे जो अनादिकाल से मायाधीन रहे हैं, किन्तु किसी गुरु की शरण में जाकर उनके द्वारा निर्दिष्ट पथ पर चलकर अनंत काल के लिए वे भी महापुरुष हो गए हैं। वास्तव में महापुरुष उसे कहते हैं जो कुछ न कर सके, न शुभ कर्म कर सके और न अशुभ कर्म कर सके। महापुरुष मिथ्या आशीर्वाद नहीं देता एवं श्राप भी नहीं देता।उन्होंने कहा महापुरुष को पहचानने का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि महापुरुष के दर्शन, सत्संग आदि से ईश्वर में स्वाभाविक रूप से मन लगने लगता है। दूसरा प्रत्यक्ष लाभ यह होता है कि साधक की साधना पथ की क्रियात्मक गुंथिया होती है उन्हें वह सुलझा कर बोधगम्य करा देता है। तीसरा प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि वास्तविक महापुरुष की वे क्रियात्मक अवस्थाएं जो समय-समय पर बहिरंग रूप से गोचर होती है, उन्हें देखकर साधक को स्वाभाविक उत्साह एवं उत्तेजना मिलती है। प्रेमास्पद भगवान के नाम, गुण, लीला आदि के स्मरण, कीर्तन आदि से वह प्रेम बाहर छलक पड़ता है। इसे हम सात्विक भाव के रूप में देखते हैं। प्रवचन का अंत श्री राधा कृष्ण भगवान की आरती के साथ हुआ।

# हादसाः स्कूल परिसर में रखे पुराने फर्नीचर में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नाहर दरवाजा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित श्री महारानी राधाबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में रखे पुराने फर्नीचर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई।सूचना मिलने के बाद दो फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि स्कूल परिसर में एक तरफ स्कूल का कुछ पुराना फर्नीचर रखा हुआ था उसमें आग लगी थी। सूचना मिलने पर मौके पर नाहर दरवाजा पुलिस भी पहुंची। इधर स्कूल प्राचार्य का कहना है कि स्कूल का ही कुछ पुराना फर्नीचर परिसर में रखा हुआ था वह जल गया है। आग से कितने रुपए का नुकसान हुआ इसका आकलन अभी नहीं हो पाया है।

**खबर संक्षेप**

## रामलला के कैलेंडर का किया विमोचन



**सीहोर।** राजपूत समाज जिला सीहोर द्वारा भगवान रामलला का कैलेंडर तैयार कराया गया। जिसका विमोचन पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा कुबरेश्वर धाम में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय राजपूत महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर, डॉ. सुभाष सिंह तोमर, ठाकुर गोविंद सिंह सिसोदिया, ठाकुर राम सिंह चौहान, ठाकुर किशन सिंह सिसोदिया, राजपूत समाज ट्रस्ट एवं श्री राम मंदिर समाज धर्मशाला के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सिसोदिया, भूपेंद्र सिंह पटवारी, गोपाल सिंह, सरपंच अमर सिंह निपानिया, प्रेम नारायण सिंह परमार, शैलेंद्र सिंह सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

## प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रूबल अग्रवाल ने सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सतरोनिया, अहमदपुर, अजमतनगर, नाईहेडी सहित अनेक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों की सुविधाओं व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### कृषि उपज मंडी में हुई उपज को हो रही है बंपर आवक

# मंडी प्रांगण हुआ फुलः कन्नौद रोड, शांति नगर में ट्रैक्टर ट्रॉलियों की लगी लंबी कतार

उपज की बंपर आवक के कारण हर बार कृषि उपज मंडी का परिसर छोटा पड़ रहा है। इस के कारण आए दिन मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुरुवार को शहर की कृषि उपज मंडी में एक बार फिर से उपज की बंपर आवक रही इसके चलते सुबह 9 बजे से ही ट्रैक्टर ट्रालियों की कन्नौद मार्ग पर लाइन लग गई इधर शांति नगर में भी ट्रैक्टर ट्राली खड़े होने से लोगों को परेशानी हो रही है। सुबह 9 बजे से 11 तक ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइन लगने से आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठाना पड़ी। स्थानीय नागरिक और किसान चंद्र सिंह मालवी चंद्रर सिंह मालवीय,रमेश चंद वर्मा ने मंडी प्रबंधन से इसके स्थाई हल की मांग की है। दरअसल शहर की कृषि उपज मंडी सीहोर जिले में ही नहीं मध्य प्रदेश में नंबर वन मंडियों में गिनी जाती है यहां पर सीजन में उपज की बंपर आवक रहती है इस कारण कृषि उपज मंडी का परिसर भी छोटा पड़ रहा है। इस कारण मंडी फूल भरने के बाद प्रशासन मंडी के पीछे ट्रैक्टर ट्रालियों को खड़ा करवाता है उसके बाद भी आए दिन व्यवस्था बिगड़ जाती है, आज भी कृषि उपज मंडी में ट्रैक्टर ट्रलियो फूल भर जाने के बाद कन्नौद मार्ग पर शांति नगर में वाहनों की लंबी लाइन लग गई इससे आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ रही है।

### रहवासी दो महीने से परेशान

कृषि उपज मंडी में बंपर आवक के चलते कन्नौद मार्ग के रहवासी वाहन चालक तो परेशान है ही है सबसे ज्यादा शांति नगर के रहवासी परेशानी उठा रहे हैं यहां आए दिन ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइन लगने से कॉलोनी के लोग अपने वाहन भी नहीं निकल पा रहा है कॉलोनी के अक्षत पाठक ने बताया कि मंडी प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए आए। शांति नगर में ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी कतार लग जाती है इस कारण हम लोग अपने वाहन भी नहीं निकाल पाते हैं और आने-जाने में परेशानी होती है।

### यातायात पुलिस बल भी तैनात उसके बाद भी हो जाती है अव्यवस्था

कृषि उपज मंडी में बंपर आवक के चलते और कन्नौद मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइन लगने से आम लोगों को तो परेशानी हो रही है लेकिन यातायात पुलिस को भी परेशानी उठाना पड़ती है। यातायात चौकी प्रभारी ललित दुबे ने बताया है कि यातायात पुलिस भोपाल, नाका कॉलोनी चौराहा ,मंडी गेट पर भी तैनात है और जैसे ही जाम लगता है यातायात पुलिस हटा देती है उसके बाद भी कन्नौद मार्ग के रहावासियों को परेशानी उठाना पड़ रही है।



### ज्यादा आवक के आने से होती है परेशानी

कृषि उपज मंडी सचिव प्रवीण चौधरी ने बताया है कि आज कृषि उपज मंडी में ज्यादा आवक होने से ट्रैक्टर ट्रालियों की कतार लग गई थी लेकिन व्यवस्थित कर दिया गया है। मंडी के पीछे ट्रैक्टर ट्रालियों को खड़ा कराया जाता है इस कारण शांति नगर में भी ट्रैक्टर ट्राली की कतार लग जाती है।

# पेट्रोल पंप पर मिलने वाली सुविधाओं का अभाव

### हवा पानी तक की नहीं है व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

नगर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को सुविधाएं भी मुहैया नहीं कराई जा रही हैं। कई पेट्रोल पंपों पर हवा व ठंडा पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है। इसके बाद भी संबंधित कंपनियां व प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। कोठरी ।नगर सहित तहसील क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक पेट्रोल पंप चल रहे हैं। इन पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल भराने के लिए आने वाले लोगों को जो सुविधा मिलना चाहिए, वह नहीं मिल रही है। कई पेट्रोल पंपों पर हवा भरने व पेयजल के प्रबंध सही नहीं हैं। वहीं पेट्रोल पंप संचालक परिसर में शिकायत पुस्तिका व पेट्रोल मापने की इकाई भी नहीं रख रहे हैं।

जबकि इन पेट्रोल पंपों पर प्रत्येक दिन सैकड़ों लोग वाहनों में पेट्रोल,डीजल वा सीएनजी भराने के लिए आते हैं। जबकि पेट्रोलियम कंपनी के सख्त निर्देश हैं कि यह आवश्यक मापदंड होना अनिवार्य है। लोगों को यह सुविधा पाने के लिए अन्य स्थानों पर जाकर अतिरिक्त रुपए खर्च करना पड़ रहे हैं। हालांकि कुछ पेट्रोल पंपों पर जरूर यह सुविधाएं उपलब्ध हैं। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल लेने आने वाले लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने का शासन की ओर से भी निर्देश हैं, लेकिन इन्हें पेट्रोल पंप संचालक अनदेखा करते हुए नजर आ रहे हैं।

### लोग होते हैं परेशान

अधिकांश पेट्रोल पंपों पर लोगों को सिर्फ पेट्रोल व डीजल ही मिल पाता है जबकि हवा, पानी व अन्य सुविधाओं के लिए उन्हें दूसरी जगहों पर जाना पड़ता है। इसके बाद भी इस तरफ प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। कई बार इन सुविधाओं के बारे में जागरूक लोग पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मचारियों से पूछते हैं तो उनके द्वारा संतुष्ट जवाब नहीं देते हुए बहाने बाजी कर टाल दिया जाता है। कनिष्ठ आपूर्ति खाद्य निरीक्षक रेशमा भवोर से फोन लगा कर बात करना चाही तो फोन उठाने तक का समय नहीं है उनके पास ।जैसे उनके ही संरक्षण में चल रहा हो यह खेल? कचनारिया जोड़ के पास के पेट्रोल पंप पर तो हवा भरने वाले इलेक्ट्रॉनिक मशीन ही टूटी पड़ी हुई है।तो उसके आगे वाले पर हवा भरने वाला नोजल। खराब बताते है कर्मचारी।

### यह होती है सुविधाएं

संचालकों को एक निश्चित सुविधा मुहैया कराने के एवज में लाइसेंस दिया जाता है। यह सुविधा पेट्रोल पंप में आने वाले सभी उपभोक्ताओं को मुफ्त में उपलब्ध करानी होती है। पेट्रोल पंप पर दी जाने वाली सुविधाओं में टेलीफोन, टायर में हवा डालने, प्राथमिक उपचार जैसी चीजें शामिल हैं। इसके साथ ही पीने का ठंडा पानी और बाथरूम का होना अनिवार्य है, ताकि लोग इनका इस्तेमाल कर सकें।

**करेंगे निरीक्षण**

जो भी संबंधित अधिकारी है उन से बात कर , निरीक्षण के लिए बताती हूं। सुविधा दुरुस्त कराई जाएगी।

**स्वाति उपाध्याय मिश्रा,** अनुविभागीय अधिकारी आष्टा

# मार्ग बाधित करने वालों के चालान बनाए, लोगों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर सहित हाईवे मार्गों पर वाहनों का जमावड़ा लगा रहता हैं ।दुकानदार दुकान से अधिक सड़क पर सामान रखते है।जिसके कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में अभियान चलाकर यातायात पुलिस आष्टा द्वारा भोपाल नाका से किलेरामा रोड स्थित मजार तक और भोपाल नाका से कन्नौद रोड स्थित मण्डी गेट तक रोड के दोनों साइड गलत तरीके से खड़े वाहनों व ठेलागाड़ी पर चालानी कार्रवाई कर समझाइश दी गई । अभियान के दौरान 23 चालान बनाकर शमन शुल्क 16500 रुपए वसूला गया। भोपाल नाके से लेकर कृषि उपज मंडी तक विशेष अभियान चलाकर जहां मार्ग को व्यवस्थित कराया, वहीं दूसरी ओर 18 चालान बनाकर अर्थदंड भी वसूला गया। 29 अप्रैल की तरह यातायात पुलिस आष्टा द्वारा भोपाल नाका से किलेरामा मजार तक और मण्डी गेट तक कन्नौद रोड के दोनों साइट प्रतिष्ठानों आदि के सामने, सड़क पर गलत तरीके से खड़े वाहन व ठेला गाड़ी एवं दुकानदारों के बाहर रखे सामान को रोड से अंदर करवाने की मुहिम चलाकर कारवाई की गई। एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन व निर्देश पर ललित गुप्ता उपनिरीक्षक यातायात प्रभारी, चंदरसिंह ठाकुर, कमलेश राय प्रधान आरक्षक आदि ने चालान बनाकर समंस शुल्क वसूला। वहीं चेतावनी भी दी गई कि अब सड़क पर सामान रखा तो सामान जब्त किया जाएगा।

# 95 साल के खुमान सिंह ने डाला वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मतदान करना हमारा कर्तव्य है मतदान अवश्य करें यह बात 95 साल के खुमान सिंह ठाकुर ने बताई और नव युवा पीढ़ी को यह संदेश दिया कि मतदान जरूर करें समस्त नव युवा और अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करे यह बात 95 साल के बुजुर्ग ने बताई मतदान टिम घर घर जाकर बुजुर्ग मतदाताओं से अपना वोट डलवा रहे हैं सेक्टर आफिसर बी एस मेवाड़ा, पीठासीन अधिकारी मांगीलाल, सहायक विक्रम वर्मा , धुर्वे , प्रवीण सिंह,बि एल ओ अजीज मंसुरी, कमलेश सोनी, रामलाल मालवीय, राजपाल सिंह ठाकुर और



मतदान करता खुमान सिंह ठाकुर अपने वोट डालते हुए 95 साल की उम्र में।

## हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज ने किया नवनिर्मित एमबीबीएस डॉक्टर का सम्मान

**सीहोर।** हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज ने समाज के नवनियुक्त डॉक्टर सुजीत जायसवाल एवं डॉ.शुभम जायसवाल का सम्मान शाल ,श्रीफल पुष्पमाला एवं सम्मान पत्र भेंट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय रहे। विशेष अतिथि के रूप में प्रदीप बिजोरिया , निलेश राय, ओम प्रकाश राय, दौलत राम राय ,परमानंद राय एवं कुमार सिंह जायसवाल राय सर्वप्रथम सहस्त्रबाहु भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाज के कवि,अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर के अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल का जन्मदिन भी धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। अतिथि उद्बोधन में समाजसेवी अखिलेश राय ने कहां की समाज के लिए बड़े गौरव की बात है कि एक मध्यवर्गीय परिवार ने अपनी दैनिक सुविधाओं को त्याग कर अपने बेटों को डॉक्टर की उपाधि दिलवाई धन्य ऐसे माता-पिता इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत पुष्माला पहनकर राजेश जायसवाल ,डॉक्टर शंकर जायसवाल ,अंकित जायसवाल ,मोर सिंह जायसवाल एवं लक्ष्मण सिंह चौकसे ने किया इस अवसर पर सुरेश राय लाइन मेंन ,डॉक्टर रतन जायसवाल, अंकित जायसवाल , मान सिंह जायसवाल, मोर सिंह जायसवाल, आदि लोग रहे मौजूद।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विद्या भारती मध्य भारत प्रांत भोपाल द्वारा मार्गदर्शित ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्य भारत प्रांत के दिशा दर्शन में संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालयों द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

प्रांतीय ऑनलाइन बैठक को संबोधित करते हुए पर्यावरण विषय के प्रांतीय संयोजक राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अभियान में युवा वर्ग को आगे आना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण देश भक्ति है पर्यावरण संरक्षण अभियान को नगर-गांव गांव घर-घर तक ले जाना होगा।

आगे उन्होंने कहा कि सभी जिला संयोजक अपने जिले के सभी विद्यालयों और जिले की वार्षिक कार्य योजना बनाकर सुनियोजित तरीके से काम करेंगे तो परिणाम शत-प्रतिशत सकारात्मक आएंगे। अभी गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना, पशुओं को चारा पानी की व्यवस्था करना, जल संरक्षण यानि पानी का सही उपयोग किया जाए। जल है तो कल है हम पानी बना नहीं सकते हैं पर पानी की बचत जरूर कर सकते हैं। अपने घर, गांव नगर, कार्यालय और सार्वजनिक स्थानों को पॉलिथिन मुक्त करने में सहयोग करें और लोगों को संकल्प दिलाएं कि पॉलिथिन का कम से कम उपयोग करें। घर में पन्नी आने पर बाहर ना फेंके, प्लास्टिक की बोतल में दबा दबाकर भरकर (ईकोब्रक) रखें। पर्यावरण संरक्षण अभियान जन-जन का विषय है।

समाज की सहभागिता सुनिश्चित करना चाहिए तभी हम सबका जीवन स्वस्थ रहेगा। इस अवसर पर सभी जिला संयोजक और सह संयोजक के साथ पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

# ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला अध्यक्ष ने सरस्वती शिशु मंदिर का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर के नवनियुक्त जिला प्रमुख रामबाबू नागर द्वारा खजुरिया संकुल के ग्राम सेवदा और टिगरिया संकुल के ग्राम कुरावर, हाजीपुर, टिगरिया, अरनिया गाजी, डोडी आदि सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों में प्रवास हुआ। प्रवास के दौरान उनका प्रत्येक विद्यालय में तिलक लगाकर व गमछा, पेन आदि भेंट कर स्वागत किया गया। ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला प्रमुख के द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण कर उचित व्यवस्था करने पर निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण वर्ग- नवीन आचार्य वर्ग,सामान्य शिक्षण वर्ग, प्रधानाचार्य वर्ग, शिशु वाटिका वर्ग, आदि के बारे में जानकारी दी गई।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम की शाखा श्यामपुर में चल रहे धार्मिक आयोजन

# रामकाज कीन्हे बिनु मोहि कहां विश्रामः आशुतोष महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम शाखा श्यामपुर के एनएच 46 स्थित आश्रम प्रांगण में नवदुर्गा महोत्सव व श्री हनुमान प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में एक दिवसीय श्रीहरिकथा एवं भजन संकीर्तन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुदेव आशुतोष महाराज के कृपापात्र शिष्य स्वामी महादेवानन्द ने मां भगवती के नौ दिव्य स्वरूपों को स्पष्ट करते हुए बताया कि शास्त्रानुसार मातारानी के प्रथम स्वरूप का नाम शैलपुत्री है। जो जीवन में परम पूज्य महाराजश्री के अनुसार चट्टान सदृश दृढ़ विश्वास की द्योतक हैं।

धर्म सत्संग भक्ति का उद्देश्य भी लक्ष्यप्रेरित संकल्प है। इसका परिणाम सुदृढ संगठन युक्त सामाजिक एकता के रूप में फलित होता है। विषय राष्ट्रनिर्माण का हो, अथवा समाज सेवा का हो, देश भक्तों के सुदृढ संगठन हेतु एक महत्वपूर्ण आवश्यक तत्व अर्थात चट्टान जैसे दृढ़ विश्वास को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। दृढ़ विश्वास जन जनउ के आराध्य प्रभु श्रीराम के कार्य व्यवहार में झलकता है।

निशिचर हीन करहु महि भुज उठाई प्रण कीन्ह अर्थात उनका यह प्रण था कि पृथ्वी को आतातायियों राक्षसों से विहीन कर दूंगा। शास्त्रों के अनुसार श्रोत्रिय बृह्मनिष्ठ गुरू की शरण में बृह्मज्ञान के माध्यम से माँ भगवती के सनातन ईश्वरीय ज्योतिर्मय तत्व स्वरूप के दर्शन व ध्यान योग से इस आत्मबल को अर्जित किया जाता है। परम पूज्य सर्वश्री आशुतोष महाराजश्री के अनुसार माँ भगवती का प्रथम शैलपुत्री स्वरूप इसी रहस्य को जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित करता है। जब माँ भगवती के सनातन अविनाशी ज्योतिर्मय स्वरूप के तत्वरूप के हृदयमंदिर में दर्शन में होते हैं। या देवि सर्वभूतेषु ज्योति रूपेण संस्थिता तब भक्तजनों के हृदय में राष्ट्र व समाज प्रेम हेतु जाग्रति का शंखनाद बज उठता है। आशुतोष महाराज बताते हैं कि देवी मां का एक मस्तिष्क है जबकि रावण के दस सिर है। पूजा एक सिर वाली माँ भगवती की जाती है। दस सिर वाले रावण की नहीं। इसके पीछे गहन अध्यात्म है। एक सिर प्रीतक है एक सुदृढ़ समवेत विचार का। जबकि दस सिर प्रतीक हैं एक ही साथ एक ही समय मे दस भिन्न-भिन्न विचारों के।

एक ही साथ दसों अर्थात अनेक विचारों के उत्पन्न होने की स्थिति को दशानन कहा गया है । इसी से व्यक्ति कन्फ्यूजन की दशा का शिकार हो बेकाम हो जाता है। इसीलिए महिसाषुर की पराजय एवं माँ भगवती की विजयश्री होती है। एवं इसीप्रकार दस सिर वाले दशानन की पराजय एवं प्रभुश्रीराम की विजयश्री होती है। पवनसुत श्रीहनुमान जी ने एक दृढ़ निश्चय किया और रामकाज के लिए जीवन अर्पित कर अपने को धन्य कर लिया। रामकाज कीन्हें बिना मोहि कहाँ विश्राम। आज के वर्तमान दौर में भी देश में समस्त जनमानस के सामने भी राष्ट्रनिर्माण राष्ट्र प्रेम व विश्व बंधुत्व रूपी रामकाज सबके सामने दस्तक दे रहा है।

इसके लिए सबको मानवीय मूल्यों की रक्षार्थ सनातन संस्कृति को चैतन्य बनाये रखने व राष्ट् निर्माण के लिए निरन्तर तत्पर रहना है। कार्यक्रम में मां भगवती, पवन सुत हनुमान जी प्रभुश्रीराम की महिमा एवं सनातन संस्कृति पर प्रस्तुत भजनों की स्वर लहरियों व दिव्य तरंगों से प्रांगण झंकृत हो उठा। श्रीहरिकथा के गुणगान से प्रकृति व क्षेत्र परिवेश का वातावरण शुभ मंगलकारी बन जाता है। इस अवसर पर स्वामी जी ने सहयोग कर्ता व बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताबंधुओं एवं माताओं-बहिनों सहित पधारे सभी भक्तजनों का पर्व की शुभ मंगलकामना के साथ हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। आरती उपरांत सभी भक्तजनों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# सीआरपीएफ फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना श्यामपुर क्षेत्र में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग के निर्देशन व अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग सीहोर पूजा शर्मा के मार्गदर्शन मे थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने श्यामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक संध्या मिश्रा द्वारा थाना श्यामपुर फोर्स, सीआरपीएफ का फोर्स को साथ लेकर थाना श्यामपुर क्षेत्र के ग्राम बामुलिया, हिगोनी, बैरागढ़ खुमान, मुख्तार नगर, खजुरिया कला व अन्य गांवो में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से फ्लेग मार्च निकाला गया।

